छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

सूचना

क्रमांक 5616 /दो–14–1/2025 बिलासपुर, दिनांक 18/ 03/2026

Adv. No. 03/2025

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची (provisional list) तथा आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 23/08/2025 के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र जिन्हें निरस्त किया गया है की सूची को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

उक्त पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 06/04/2026 को सायं 05.00 बजे तक अपना दावा–आपत्ति ''कार्यालय–रजिस्ट्रार जनरल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बोदरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)'' की ओर स्पीड पोस्ट/हमदस्त के माध्यम से प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय अर्थात दिनांक 06/04/2026 को सायं 05.00 बजे के पश्चात् इस कार्यालय को प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। डाक के विलंब के लिए कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। साथ ही स्पीड पोस्ट/हमदस्त के अलावा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त दावा–आपत्ति पर भी विचार नही किया जाएगा।

दावा–आपत्ति के निराकरण पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची पृथक से जारी की जायेगी।

विस्तृत जानकारी/सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(रजनीश श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार जनरल